हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–290 : जौनपुर, सोमवार 28 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ब्याज समेत लौटाउंगा यहां की धरती का कर्ज : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

बलिया ब्यूरो : यूपी में पांचवें चरण का चुनाव होने के बाद अब चुनावी संग्राम पूर्वांचल में पहुंच चुका है। रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बलिया में जनसभा की। शहर से सटे हैबतपुर में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सिर्फ विपक्ष पर हमला बोला बल्कि बलिया की जनता को अहसास कराया कि वो उनके हरदम साथ हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बलिया से मेरा एक भावुक रिश्ता ये भी है कि यहीं पर माताओं बहनों की जिंदगी बदलने वाली उज्ज्वला योजना की शुरुआत हुई थी। आज देश में 9 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को जो मुफ्त गैस कनेक्शन मिला है, उसकी दिशा यहीं हमारे बलिया ने देश को दिखाई थी। भोजपुरी में की भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री ने कहा कि बलिया ने जो प्यार मुझे दिया है, वो विकास के बाद ब्याज के साथ बलिया की धरती को, आप सब को लौटाउंगा। प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत कर बलिया के महापुरुषों और दिग्गजों को नमन कर यहां के लोगों की नब्ज को भी छुआ। पूर्व पीएम चंद्रशेखर. जेपी के साथ चिंतू पांडेय और हजारी प्रसाद द्विवेदी के नामों के साथ कई समीकरण भी साधे। पीएम मोदी के भाषण के केंद्र में गांव, गरीब और किसान रहे। केंद्र सरकार की योजनाओं को उन्होंने एक–एक कर गिनाया। कहा कि पूर्वांचल समेत प्रदेश में सड़क, अस्पताल, बिजली, विकास के हर काम पर ध्यान दिया जा रहा है। विपक्ष पर करारा वार पीएम मोदी ने कहा कि यूपी में पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं। पश्चिम से पूरब तक घोर परिवारवादियों को जनता ने नकार दिया है। यूपी के लोगों ने बता दिया है कि यूपी की गाड़ी जाति–पात की गलियों में अटकने वाली नहीं है। उसने विकास के हाइवे पर रफ्तार भर ली है। जाति–पात से ऊपर उठकर राष्ट्रहित का सम्मान और परिवारवाद का विरोध यही बलिया की परिभाषा है। बलिया और पूर्वांचल का यूपी का विकास मेरा कर्तव्य और मेरी प्राथमिकता है। योजनाओं में रोड़े अटकाने वालों से सावधान रहे। घोर परिवारवादियों को फिर पटखनी देनी है। कानून व्यवस्था वापस पटरी पर आ रही पीएम मोदी ने कहा कि घोर परिवारवादियों ने यूपी की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया था। योगी की सरकार इसे वापस पटरी पर ला रही है। यहां के व्यापारी, कारोबारी भूल नहीं सकते की कैसे उनका पैसा गुंडे–बदमाश छीन कर ले जाते थे।



योगी की सरकार में बलिया का व्यापारी सुरक्षित हो रहा है। बहनों–बेटियों को घर से निकलने में बदमाशों का डर नहीं है। घोर परिवारवादियों ने अपने शासन में सिर्फ अपनी तिजारी भरी। आपके क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया। पांच वर्ष में कई नई सड़कें बनवाई हैं। सड़कों को चौड़ी करने पर तेजी से काम चल रहा है। पीएम बोले– बलिया का दर्द मैं समझता हूं पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने बीते पांच वर्षों में यहां अनेकों नई सड़कें बनवाई हैं, सड़कों को चौड़ा करने का काम भी तेजी से चल रहा है। बलिया के लोगों ने तो बिजली के अभाव में कितना खामियाजा भुगता है, बलिया के इस दर्द को मैं समझता हूं। हमारी सरकार ने बीते पांच वर्षों में यहां अनेकों नई सड़कें बनवाई हैं, सड़कों को चौड़ा करने का काम भी तेजी से चल रहा है। बलिया के लोगों ने तो बिजली के अभाव में कितना खामियाजा भुगता है, बलिया के इस दर्द को मैं समझता हूं। जो विकास में रोड़े अटकाते हैं उसे मत लाना प्रधानमंत्री ने कहा कि बलिया के पांच लाख किसानों को खाते में 700 करोड़ रुपये दिए हैं। गरीबों को पेंशन दे रहे हैं। 60 साल के बाद सभी को 3000 मानसिक पेंशन मिले इसके लिए भी योजना है।। इन सारी योजनाओं का लाभ गरीब तक पहुंचे, इसके लिए प्रयास किया। ये रुकने वाला नहीं है। क्योंकि यहां डबल इंजन की सरकार है। सीधे आप तक पहुंच जाता है। पहले की सरकारें रोड़े अटकाती थी। जो विकास में रोड़े अटकाते हैं उसे मत लाना । 10 मार्च को रंगों वाली होली मनाएंगे। योजनाओं में नहीं देखते कौन किस जाति का है। सभी को लाभ मिल रहा है। 100 साल के सबसे बड़े संकट कोरोना का सरकार और लोग सामना कर रहे हैं। कोई भूखा नहीं रहे इसके लिए मुफ्त राशन दे रहे हैं। यूपी के 15 करोड़ गरीबों को लाभ मिल रहा है। ये घोर परिवारवादी कभी नहीं कर सकते। इन्होंने वैक्सीन पर भी भड़काया। आज ये वैक्सीन जीवन बचा रही है।

## थाना केराकत पुलिस द्वारा मठ पर साध्वी को गोली मारने की घटना मे वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध ,अपराधियों एवं वाँछित वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा – निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा दिनांक 26.02.2022 को प्रातः 05.15 बजे ग्राम आराजी थानागद्दी स्थित मठ पर रह रही साध्वी इन्द्रावती दास जी महाराज को जान से मारने की नियत से गोली मारने के आरोपी अभियुक्त गण 1–संजय बनवासी पुत्र लल्लन बनवासी नि0 बम्बावन थाना केराकत जौनपुर 2– ऋषि यादव पुत्र पुत्र सेचन यादव नि0 थानागद्दी थाना केराकत जौनपुर सम्बंधित मु0अ0सं0 86 / 22 धारा 307 / 504 / 506 / 34 / 120 बी भा0द0वि0 को घटना मे प्रयुक्त असलहा पिस्टल के साथ आज दिनांक 28.02.2022 को समय करीब 08.00 एएम पर रघ्घुपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । दौरान गिरफ्तारी अभियुक्त संजय बनवासी के पास से एक पिस्टल .32 बोर बरामद हुआ । जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 87 / 22 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीकृत कर चालान सम्बंधित



न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1–संजय बनवासी पुत्र लल्लन बनवासी नि0 बम्बावन थाना केराकत जौनपुर। 2– ऋषि यादव पुत्र पुत्र सेचन यादव नि0 थानागद्दी थाना केराकत जौनपुर ।बरामदगी का विवरण– 1– एक पिस्टल .32 बोर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1– उ0नि0 संतोष यादव , हे0का0रामसेवक यादव, हे0का0 संतोष गिरी थाना केराकत जनपद जौनपुर।

## पूरे जनपद में रहे कुल 1850774 मतदाताओ के सापेक्ष बनाया गया 2168 मतदेय स्थल

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 का जनपद अयोध्या में पांचवे चरण का मतदान 27 फरवरी 2022 को सकुशल सम्पन्न हो गया ।जिसमें सभी तैयारिया चुस्त दुरुस्त रही ।वही एक दिन पहले समय से मतदान पार्टियां अपने–अपने पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना कर दी गयी थी। प्रत्येक दशा में सम्बंधित क्षेत्र में समय से पहुंचने के निर्देश दिये गये तथा सम्बंधित क्षेत्र के सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटों को भी रिपोर्ट देने को कहा गया था ।इस संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के तहत जनपद अयोध्या में 27 फरवरी 2022 मतदान दिवस के दिन मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर ।सरकार को चयन करने का काम मतदान करके किया ।उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 1850774 मतदाता रहे, जिसमें 982745 पुरूष मतदाता, 867896 महिला मतदाता तथा 133 तृतीय श्रेणी मतदाता थे। जनपद में कुल 2168 मतदेय स्थल बनाये गये थे, जिसमें 10 महिला बूथ, 79 मॉडल बूथ व 429 क्रीटिकल बूथ शामिल रहे। उन्होंने बताया कि 271 विधानसभा रूदौली क्षेत्र में कुल 337729 मतदाता रहे, जिसमें 179278 पुरूष, 158413 महिला, 38 ट्रांसजेंडर मतदाता है तथा 404 मतदान स्थल में 2 महिला बूथ, 20 मॉडल बूथ बनाये गये थे ।इसी क्रम में विधानसभा 273 मिल्कीपुर में कुल 357659 मतदाता रहे, जिसमें 189901 पुरूष, 167757 महिला, 01 ट्रांसजेंडर मतदाता रहे तथा 460 मतदान स्थल में 2 महिला बूथ, 20 मॉडल बूथ बनाये गये ।विधानसभा 274 बीकापुर में कुल 379634 मतदाता रहे ।जिसमें 200849 पुरूष, 178775 महिला, 10 ट्रांसजेंडर मतदाता है तथा 427 मतदान स्थल में 2 महिला बूथ, 06 मॉडल बूथ बनाये




गये ।विधानसभा 275 अयोध्या में कुल 381532 मतदाता रहे, जिसमें 202687 पुरूष, 178792 महिला, 53 ट्रांसजेंडर मतदाता रहे तथा 414 मतदान स्थल में 2 महिला बूथ, 13 मॉडल बूथ बनाये गये तथा विधानसभा 276 गोसाईगंज में कुल 394220 मतदाता रहे, जिसमें 210030 पुरूष, 184159 महिला, 31 ट्रांसजेंडर मतदाता है तथा 463 मतदान स्थल में 2 महिला बूथ, 20 मॉडल बूथ बनाये गये थे ।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा समुचित व्यवस्था करने के निर्देश बूथ व्यवस्थापक को दिये गये है ।उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये गये प्रेक्षकों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व सम्बंधित रिर्टनिंग आफिसर्स द्वारा समय–समय पर संवेदनशील व सामान्य बूथों का स्थलीय निरीक्षण करते रहे ।उन्होंने जनपद के मतदाताओं से उन्होने एक दिन पहले 26 फरवरी को मतदाताओ से अपील किया कि 27 फरवरी 2022 रविवार के दिन प्रातः 7 बजे से अपने–अपने मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के अवसर पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और जनपद में रिकार्ड मतदान करते हुये लोकतंत्र को मजबूत करें।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इनोवेशन '' वैज्ञानिक दृष्टिकोण बच्चों में कैसे बढ़ाया जाए ''

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर '' वैज्ञानिक दृष्टिकोण बच्चों में कैसे बढ़ाया जाए '' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए तिलकधारी महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सूर्यमणि तिवारी ने कहां कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण उपयुक्त वातावरण पैदा करके बढ़ाया जा सकता है जितना ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण का दैनिक जीवन में उपयोग होगा उतना ही इसका संवर्धन होगा। अगर बच्चों को उपयुक्त संसाधन उपलब्ध हो तो वह अपने ज्ञान को उस दिशा में बढ़ा सकते हैं । पहले ज्ञानाअर्जन अध्यापकों पुस्तकों में निहित ज्ञान पर ही सीमित रहता था किंतु आज हम टीवी रेडियो कंप्यूटर स्मार्टफोन इन का उपयोग करके अपना ज्ञान संवर्धन अच्छी तरह कर सकते हैं । आज वैज्ञानिक विषयों पर कैसेट उपलब्ध है वह भी हमारे लिए सहायक सिद्ध हो सकते हैं । वैज्ञानिक सिद्धांत बच्चों को पढ़ाई जा रहे हैं लेकिन उसका प्रयोग नहीं कराया जा रहा है बच्चों में ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग नवाचार की जरूरत है । जो जिस विषय में दक्ष है उसे जीवन में उसी दिशा में कार्य करना चाहिए । उच्च श्रेणी के डॉक्टर इंजीनियर को राजनीति में आने से रोका जाना चाहिए। प्रौद्योगिकीय में सरकार के द्वारा काफी प्रयास किया गया है और काफी सफलता मिली भी है लेकिन ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है संवेदनशील होना भी अत्यंत जरूरी है वह ज्ञान समाज उपयोगी



भी हो। दीन दुखियों के प्रति सेवा भाव पैदा हो। लेकिन आज दुर्भाग्य है कि डॉक्टर इंजीनियर वैज्ञानिक ज्यादा पैसा कैसे पैदा हो इस पर ज्यादा विचार कर रहे हैं। डॉ दिलीप सिंह मध्यस्थ अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि महान वैज्ञानिक आइंस्टीन पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम सभी ने विशेष जोर दिया कि बच्चे हमेशा बड़े सपने देखें । बच्चों का जिज्ञासुपन ही उन्हें सवाल करने को प्रेरित करता है । यही जिज्ञासा अंतर्दृष्टि नवाचार प्रयोग से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ता है। उक्त अवसर पर डॉक्टर सुधा सिंह, विनोद कुमार मिश्रा प्रमोद कुमार प्रजापति अनिल कुमार सिंह मनोज कुमार श्रीवास्तव इत्यादि लोगों ने विचार व्यक्त किया ।अंत में आयोजक संस्था सचिव / पूर्व अध्यक्ष चाइल्ड वेलफेयर कमेटी संजय उपाध्याय ने कहा कि संस्था बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहेगी।

## अपने नाम का पोलिंग बूथ देखकर खुश हुई पद्म श्री पी टी ऊषा : कहा– सभी वोट जरूर करें

लखनऊ ब्यूरो : अयोध्या में मतदान के लिए बनाए गए पोलिंग बूथों में एक बूथ पद्म श्री व अर्जुन पुरस्कार विजेता पी टी ऊषा के नाम पर है। जिस पर धाविका ने ट्वीट कर खुशी जाहिर की है और सभी से वोट करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में मेरे नाम पर बनाए गए पोलिंग बूथ देखकर मैं खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि हर कोई अपने बुनियादी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए वोट जरूर करेगा और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देगा। अयोध्या में 27 फरवरी को मतदान हो चुका है। अब प्रदेश में छठे चरण के लिए 3 मार्च को और सातवें चरण के लिए 7 मार्च को मतदान होगा। 10 मार्च को मतगणना होगी।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## चंद्रशेखर आजाद को दी गई श्रद्धांजलि



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संदीप नेचुरोपैथी हॉस्पिटल के सामने दरोगा खेड़ा में स्थापित चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संदीप नेचुरोपैथी हॉस्पिटल की डॉक्टर कल्पना सिंह, डॉ शिवानी सिंह, रोशनलाल, युवराज शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नि:शुल्क वैक्सीनेशन शिविर सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एम. के.मिश्रा मेमोरियल हॉस्पिटल के द्वारा ' वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमे 15 से 18 वर्ष की आयु के लिए एवं 18 वर्ष वर्ष से अधिक की आयु के व्यक्तियों के




लिए कोविड वैक्सीन की पहली ,दूसरी और बूस्टर डोज की वैक्सीन लगाई गई। मोहनलालगंज क्षेत्रवासियों ने नि:शुल्क वैक्सीनेशन शिविर का लाभ उठाया। नि:शुल्क वैक्सीनेशन शिविर– सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अनवरत चलता रहा। डॉ एस. के.मिश्राडायरेक्टर एम. के.मिश्रा मेमोरियल हॉस्पिटल धनवारा मोहनलालगंज लखनऊ ने उक्त जानकारी दी।

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी की प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश बनी तूलिका त्रिपाठी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार मे तूलिका त्रिपाठी जी को उत्तर प्रदेश का प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी जाती है जाती है हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप तन मन पूरे उत्तर प्रदेश में



संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी आपके मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू देव प्रकाश शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा जी राष्ट्रीय शासन प्रभारी श्यामानंद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुलकित आनंद राष्ट्रीय प्रभारी अजय गोस्वामी हिंदू पंडित हृदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सलाहकार बलराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव संस्कृति प्रकोष्ठ मनोज पाठक हिन्दू अनुराग तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू प्रशांत नीलकंठ अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपिका मिश्रा उत्तर प्रदेश प्रभारी दीपिका राष्ट्रीय प्रभारी मनीष विजयवर्गीय जी प्रदेश अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश राजेंद्र प्रसाद वर्मा सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया सभी लोगों ने आशा व्यक्त की आप संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जब आदमीं थक कर बैठ जाता है तो उस पर बीमारियां आकर बैठ जाती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस : विज्ञान को जनजीवन से जोड़ना होगा

इस बार का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 'समेकित दृष्टिकोण से विज्ञान द्वारा सतत विकास व भविष्य' पर केंद्रित है। इसका अर्थ यह भी समझा जा सकता है कि शायद हम कहीं विज्ञान में समेकित भावनाओं को नहीं जोड़ पाए। यह सच भी है, क्योंकि विकास की भूमिका को इस रूप में ज्यादा देखा जाना चाहिए कि ये किस तरह से समृद्धि लाए। ये किसी भी तरह एकपक्षीय न हो। आज हम विज्ञान को जोड़ते समय किसी उत्पाद पर केंद्रित होते हैं, लेकिन उस उत्पाद को पाने या उसे उपयोगी बनाने के लिए हम दूसरी अन्य चीजों को खो देते हैं।

अगर हम पिछले तीन सौ वर्षों में विज्ञान की दिशा को देखने की कोशिश करें, तो विज्ञान के उत्पाद या उसकी शैली में या तो बाजार बड़े रूप में जुड़ा रहा या फिर उन्हीं वस्तुओं का उत्पादन ज्यादा हुआ, जो हमारी विलासिताओं से जुड़ी थी। आज बाजार बड़े रूप में विज्ञान चालित है। नए–नए उत्पादों के साथ हम बाजार में आते हैं। एक खास वर्ग विज्ञान को इसी रूप में जानता है। बाजार में बिक रहे गैजेट्स, सामान या वे तमाम सुविधाओं वाले उत्पाद विज्ञान से ही जुड़े हुए हैं या उसकी तकनीकी से। पर हमने सदियों में जो दिशा तैयार की, उनमें हमने बहुत कुछ अनदेखा किया।

उदाहरण के लिए, आज भी हम पूरी तरह से समाज के एक बड़े वर्ग को विज्ञान से नहीं जोड़ पाए। मसलन, गांव और उससे जुड़े हुए तमाम विषय। यह इसलिए भी नहीं हुआ, क्योंकि विज्ञान को सरकारों का दायित्व माना गया, जिसमें बाजार का उतना महत्व नहीं था। यही कारण है कि गांव के विज्ञान पर या तो समुचित कार्य नहीं हुआ या जो हुआ भी, वह गांवों तक नहीं पहुंच पाया। इसी से शहर और गांव की परिभाषा तय की गई। जहां सुविधाओं का भंडार था, वह शहर बनता गया और जहां सुविधाओं का अभाव था, वह गांव रह गया। हम विज्ञान के मूल स्वभाव तय नहीं कर पाए। हमने हवा, मिट्टी, पानी, जंगल जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों को लेकर बड़ी चिंताएं नहीं कीं। आज तक समेकित विज्ञान को लेकर काम नहीं हुआ। जैसे कि पानी की कमी होना विज्ञान के लिए कोई बड़ी चुनौती नहीं, पर व्यापक रूप में इसका समाधान खोजने के बजाय बोतलबंद पानी के जरिये पानी के व्यापार का रास्ता खोल दिया गया।

ऐसे ही, दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और देश का बड़ा हिस्सा वायु प्रदूषण की चपेट में है। लेकिन विज्ञान ने इसके समाधान की वैसी चिंता नहीं की, हां, एयर प्यूरीफायर को एक बड़ी वैज्ञानिक सफलता के रूप में जरूर दर्ज किया गया। सड़क निर्माण को विकास का हिस्सा माना गया, पर इसके निर्माण से होने वाले नुकसानों की भरपाई के लिए काम नहीं किए गए। नतीजा यह है कि आज पहाड़ों में सड़कों को लेकर ही बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। एक तरफ विज्ञान चंद्रमा और मंगल को छूना चाहता है, दूसरी तरफ देश के गांव अविकसित हैं, अनेक नदियों पर अब भी पुल खड़े नहीं हुए। बेहतर होता कि हमारा विज्ञान घर, गांव और आम आदमी की आवश्यकता से जुड़ा होता। इसके बजाय विज्ञान बाजार से प्रभावित हुआ है। अपने देश में शहर जहां खड़े होते चले जा रहे हैं, वहीं गांव खाली होते चले जा रहे हैं। इसके लिए कहीं न कहीं विज्ञान भी जिम्मेदार है। हम यह मानकर चलें कि आने वाले समय में जब तक विज्ञान ग्राम केंद्रित नहीं होगा, तब तक वह न्याय नहीं कर पाएगा। गांवों में आर्थिक असमानता तो दिखाई देती ही है, पारिस्थितिकीय असमानता भी भीषण हो रही है।

विज्ञान समाज में समानता लाने का भी आधार होना चाहिए। ऐसा क्यों है कि वैज्ञानिक प्रगति और इसके आविष्कारों का लाभ उठा चुके तमाम लोग समाज के समृद्ध ही हैं? हमें नहीं भूलना चाहिए कि हमने आज तक उद्योग, ढांचागत विकास या विज्ञान पर आधारित जो कुछ भी खड़ा किया है, उसके कुछ न कुछ नुकसान भी हमें दिखाई दे रहे हैं। इसलिए यह जरूरी है कि अब हम विज्ञान को उन सभी पहलुओं से जोड़कर देखें और समानता का आधार बनाएं। शहर और गांव, दोनों इसका बड़ा लाभ उठा सकें। इस चुनौती के साथ अगर हम राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाते हैं, तभी हम आने वाले समय में विज्ञान की बेहतर दिशा तय कर पाएंगे।

## सड़क हादसे में एक श्रद्धालु की मौत : 12 लोग घायल

फतेहपुर ब्यूरो : फतेहपुर जिले में थरियांव थाने के सामने सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। श्रद्धालुओं की खड़ी लोडर में पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। लोडर सवार कुछ लोग उछलकर हाईवे पर गिरे। पीछे से आए कंटेनर की चपेट में आने से वृद्घ की मौत हो गई। हादसे में 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती



कराया। छह घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया है। थाना क्षेत्र के दिहुली गांव निवासी हरिप्रसाद उर्फ बब्बन लोधी की बेटी अरुणा देवी की तबियत बिगड़ी रहती थी। परिवार ने धाता थाने के परसिद्घपुर स्थित देव स्थान में तबियत ठीक होने पर दर्शन और पूजा–पाठ की मान्यता मांगी थी। मान्यता पूरी होने पर हरिप्रसाद और परिवार के लोगों को लेकर जा रहे थे। थरियांव कस्बे में रहने वाले भाई हरिश्चंद्र को साथ लेने के लिए थाने के सामने लोडर रोकवाई। चालक ने दाहिनी पट्टी पर अचानक लोडर रोक दिया। लोडर के रुकते ही कानपुर से प्रयागराज जा रही कार ने पीछे से टक्कर मार दी। कार की रफ्तार तेज होने के कारण लोडर में पीछे सवार श्रत्रद्घालु उछलकर हाईवे पर जा गिरे। कार के पीछे से आए कंटेनर की चपेट में आने से गया प्रसाद (60) निवासी दिहुली की मौके पर मौत हो गई। बाकी घायलों को पुलिस ने जीप और एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। छह घायलों की हालत नाजुक देखकर डॉक्टर ने कानपुर रेफर किया। कार्यवाहक थानाध्यक्ष कमला शंकर यादव ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## नकारात्मक–भावनाओं और तनाव से कैसे निपटें? " जीवन में लागू करने के लिए 5 पॉजिटिव हैक्स"

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय नकारात्मक भावनाएं हमारे जीवन पर विनाशकारी प्रभाव डाल सकती हैं। चिंता, उदासी, भय, क्रोध, अपराध्ाबोध, लज्जा और शर्मिंदगी विभिन्न प्रकार की नकारात्मक भावनाएँ हैं जिन्हें मनुष्य एक समय में महसूस कर सकता है या अलग–अलग समय पर महसूस कर सकता है। ''मनीष नागर'' लाइफ कोच प्रैक्टिशनर – डिजिटल मार्केटर'' 1. अपने व्यवहार का निरीक्षण करें। उस भावना की पहचान करें जो पारस्परिक बातचीत में आपके द्वारा कहे गए प्रत्येक वाक्य के लिए एक जटिल प्रतिक्रिया की ओर ले जा रही है। क्या यह खुशी, दुख, उत्तेजना या झुंझलाहट है? आपको बस एक कदम पीछे हटना है, शांत रहना है और अपनी प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करना है। इस तरह आप तार्किक रूप से प्रतिक्रिया करने के लिए खुद को प्रशिक्षित करेंगे और भावनात्मक उछाल के आगे नहीं झुकेंगे। 2. अपनी भावनाओं को समझें। अपने भीतर देखें और उन स्थितियों को इंगित करने का प्रयास करें जो आपके जीवन में तनाव और नकारात्मक भावनाएं पैदा कर रही हैं। नकारात्मक भावनाएं एक ट्रिगरिंग घटना से आ सकती हैं जो एक भारी कार्यभार है। नकारात्मक भावनाएं भी एक घटना के आसपास के हमारे विचारों का परिणाम हैंय जिस तरह से हम व्याख्या करते हैं कि क्या हुआ, यह बदल सकता है कि हम घटना का अनुभव कैसे करते हैं और यह तनाव का कारण बनता है या नहीं। 3. कारण को समझें। आम तौर पर, लोग और परिस्थितियाँ आप में नकारात्मक भावनाओं को प्रज्वलित करती हैं।




इसका कारण बनने वाले उदाहरण को ट्रैक करना बेहतर है। क्या यह व्यक्तिगत नुकसान है, या परिवार में किसी प्रियजन की स्वास्थ्य समस्या है। 4. कारण और प्रतिक्रिया को स्वीकार करें। पहला कदम कारण और प्रतिक्रिया को भी स्वीकार करना है। जिस क्षण आपको पता चलेगा कि आप क्रोधित, निराश या उदास होंगे, अपने मन को इन नकारात्मक भावनाओं को दूर करने के लिए खुद को आश्वस्त करके प्रशिक्षित करें कि यह विशेष उदाहरण या स्थिति एक चरण है और समय बीतने के साथ बीत जाएगा। 5. अतीत को जाने दो और आराम करो। उचित बनने की कोशिश करो। स्वीकार करें कि बुरी भावनाएँ कभी–कभी होती हैं। अपरिहार्य और अपने आप को बेहतर महसूस करने के तरीकों के बारे में सोचें, लगातार नकारात्मक घटनाओं पर जाने से आप वर्तमान से वंचित हो जाते हैं और आपको बुरा महसूस कराते हैं।

## विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 जनपद में शांतिपूर्ण व सकुशल हुआ सम्पन्न

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अध्िाकारी रवीश गुप्ता के कुशल निर्देशन में जनपद में विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 के पॉचवें चरण का मतदान 27 फरवरी (रविवार) को सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से भारी संख्या में सुरक्षा बलों की देख–रेख में प्रातः 7 बजे से मतदान कार्य प्रारम्भ हुआ और निर्धारित समय तक लाइन में लगे मतदाताओं द्वारा अपने मताध्िाकार का प्रयोग सांयकाल तक करके समाप्त हुआ। कन्ट्रोल रूम से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में 05 बजे तक पॉचों विधान सभा क्षेत्रों में 54.88 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 187–इसौली विधान सभा क्षेत्र में 54.23:, 188–सुलतानपुर विधान सभा क्षेत्र में 56.18:, 189–सदर विधान सभा क्षेत्र में 56.92:, 190–लम्भुआ विधान सभा क्षेत्र में 53.88: तथा 191–कादीपुर विधान सभा क्षेत्र में 53.32: मतदान हुआ। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुप्ता व पुलिस उपमहानिरीक्षकध् पुलिस अधीक्षक डॉ0 विपिन कुमार मिश्रा तथा जनपद के अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीध्समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी सहित सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रातः 7 बजे नगर का भ्रमण कर मतदान कार्य का जायजा लिया तथा जनपद मुख्यालय पर बनाये गये कन्ट्रोल रूम देर सांय तक भ्रमणशील रहकर मतदान कार्यों व आवांछित तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए सुरक्षा बलों की देख–रेख में जनपद के अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक तथा जोनल मजिस्ट्रेट ने मतदान के दौरान जनपद के किसी भी क्षेत्र से किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचे और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये लगातार प्रयास जारी रखा।जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान विकलांग मतदाताओं की सहायता हेतु कम्पोजित विद्यालय



भदैयॉ विकास खण्ड भदैया में सर्वोदय इंटर कालेज के छात्र भारत स्काउट गाइड के वाइलेन्टियर शनि पाण्डेय द्वारा व्हीलचेयर से विकलांग मतदाताओं की मतदद करने से प्रभावित होकर उनके बात की उनके साथ फोटो खिंचवाया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना की। आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्ट्रेट परिसर में बनाये गये वेबकास्टिंग रूम व कन्ट्रोल से जनपद के सभी बूथों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कन्ट्रोल रूम पर प्राप्त शिकातयों निस्तारण त्वरित गति से उनके द्वारा सम्बन्धित से कराया गया। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा जूनियर हाईस्कूल प्रथम विकास खण्ड कूरेभार के निरीक्षण में विजिट रजिस्टर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक सुरक्षा बल के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बने पोलिंग बूथों का सघन भ्रमण कर पूरे दिन प्रत्येक बिन्दुओं पर पैनी नजर रखे हुए थे। जनपद में छिट–पुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न हुआ। डीएम ने सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि अपने भ्रमण के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान समाप्ति के पश्चात सुरक्षा बलों के साथ शील्ड सभी ईवीएम व वीवी पैट तथा बची स्टेशनरी आदि निर्धारित काउन्टर पर जमा कराना सुनिश्चित करें।

## प्रयागराज शहर दक्षिणी: जाति–पात का मुद्दा रहा पीछे : विकास व प्रत्याशी के चेहरे पर वोट

प्रयागराज ब्यूरो : शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में जाति–पात पर शनिवार को हुए मतदान में विकास का मुद्दा भारी रहा। इसके साथ–साथ प्रत्याशी के चेहरे पर भी जमकर वोटिंग हुई। कीडगंज, अतरसड्डुया, कोतवाली, मुट्ठीगंज, दारागंज व नैनी में मतदान केंद्रों पर उत्सव जैसा माहौल दिखा। यहां दो प्रत्याशियों में सीधे टक्कर देखने को मिली लेकिन कुछ केंद्रों पर अन्य प्रत्याशी भी लड़ाई में दिखे। शहर दक्षिणी विधानसभा में शहर के छह थाना क्षेत्रों के साथ ही नैनी थाना क्षेत्र के भी मतदान केंद्र शामिल रहे। इन इलाकों में स्थित ज्यादातर मतदान केंद्रों पर वोटर विकास के मुद्दे पर एकमत दिखे। नैनी के रणजीत पंडित इंटर कॉलेज केंद्र पर वोट डालकर निकले शुभम मिश्रा व उनके दोस्तों राजीव शर्मा व मनीष द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने विकास के मुद्दे पर मतदान किया। विकास के नाम पर डाले गए वोट राधा रमण महिला इंटर कॉलेज में वोटिंग के लिए पहुंची राधा सिंह व उनके पति मोहन सिंह ने बताया कि जो सरकार विकास करेगी, वह उसे ही वोट डालेंगे। इसी तरह कीडगंज के एडीसी केंद्र पर मतदान करने के बाद लौट रहे सुनील केशरवानी, अमन केशरवानी व बच्चा केशरवानी ने बताया कि जनता के दर्द में उनके साथ खड़े होने वाले प्रत्याशी को वोट डाला है। कोठापार्चा में रहने वाले सिंटू जायसवाल ने कहा कि शहर का विकास किसने किया, यह किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में वोट उसी प्रत्याशी को जाएगा। मुट्ठीगंज, अतरसुइया स्थित केंद्रों पर भी ज्यादातर लोगों ने यही कहा कि शहर की सूरत बदलने वाले प्रत्याशी को ही वोट किया जाएगा। लगभग दो फीसदी ज्यादा मतदान अंतिम आंकड़ों के हिसाब से देखा जाए तो 2017 के मुकाबले इस बार शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में लगभग दो फीसदी ज्यादा मतदान हुआ। पिछले चुनाव में यहां का कुल मतदान प्रतिशत 45.16 था और इस बार रविवार शाम मतदान समाप्ति के बाद जारी आंकड़ों के मुताबिक, कुल 47.05 फीसदी वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जानकारों का कहना है कि मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी को आमतौर पर इसी रूप में देखा जाता है कि वोटर पिछली सरकार के कामकाज से खुश हैं और इसका फायदा सत्तारूढ़ दल को मिलता है। लेकिन एक महत्वपूर्ण कारक यह भी है कि किसी एक वर्ग या समुदाय ने कितना संगठित होकर मतदान किया। ऐसे में नतीजों का सटीक अनुमान लगाना बहुत आसान नहीं है।

## टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों में संम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दिनांक 27 फरवरी , 2022 से दो पालियों में सम्पन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर आंशिक व मछलीशहर के कुल 440 पीठासीन अधिकारी, 440 प्रथम मतदान अध्िाकारी,440 द्वितीय मतदान अधिकारी व 440 तृतीय मतदान अधिकारियो को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण 29 कमरों में 11–11 पोलिंग पार्टियों का बैच बनाकर कराया गया। प्रत्येक कमरों में मास्टर ट्रेनर द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा कमरों में ही ईवीएम मशीन का हैंड्स टू हैंड्स ट्रेनिंग भी कराया गया। ट्रेनिंग के उपरांत प्रत्येक पीठासीन अधिकारी तथा प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण के संबंध में एक संक्षिप्त परीक्षा ली गई इस परीक्षा में कुल 25 लिखित प्रश्न तथा 25 बहुविकल्पी प्रश्न शामिल किए गए थे। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रश्न पत्र की जांच कर उत्तीर्ण होने वाले पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को कमरे से बाहर जाने की अनुमति प्रदान किया गया। द्वितीय पाली के प्रशिक्षण में प्रेक्षक मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी द्वारा टी0डी0कॉलेज के सभी 29 कमरों में भ्रमण कर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा गया तथा कमरों में प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को प्रशिक्षित भी किया गया। प्रेक्षक महोदय द्वारा कार्मिकों को पीपीटी में बताए गए निर्देशों को आत्मसात करके ईवीएम तथा वी0वी0पैट के प्रयोग में क्या सावध्ाानियां बरती जाए के संबंध में अवगत कराया गया। सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि सभी लोग आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरसः पालन करेंगे तथा जिन बूथों पर आपकी ड्यूटी लगेगी वहां पर निष्पक्ष मतदान कराएंगे। आज दिनांक 27 फरवरी ,2022 को प्रथम पाली में कुल 20 अनुपस्थित पाए गए। जिसमें 03 पीठासीन अधिकारी,02 प्रथम मतदान अधिकारी,11द्वितीय मतदान अधिकारी व 04 तृतीय मतदान अधिकारीअनुपस्थित थे ।विभागवार निम्न कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। बेसिक शिक्षा विभाग –11, जिला विद्यालय निरीक्षक–04, टी0डी0 महाविद्यालय–01, डायट–01, सिंचाई खंड–01, बैंक ऑफ बड़ौदा–01 द्वितीय पाली में कुल 32 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए ।जिसमें 10 पीठासीन अध्िाकारी ,03 प्रथम मतदान अध्िाकारी ,11 द्वितीय मतदान अध्िाकारी तथा 08 तृतीय मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए जिनका विभागवार विवरण निम्नवत है– बेसिक शिक्षा विभाग –19, जिला पंचायत राज अधिकारी–03, जिला विद्यालय निरीक्षक–07, सिंचाई खंड –01, राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय–01 अनुपस्थित कर्मचारियों मे श्री संतोष कुमार, राम बहाल, अनामिका गुप्ता, अजीत प्रताप सिंह, सुनील कुमार सिंह, अशोक कुमार मिश्रा, अशोक कुमार, अनिल कुमार यादव, प्रकाश दुबे, दिनेश कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, ओम प्रकाश, साजिद हसन, पूजा भारती, नीतू पाल, सुमन तिवारी, सरिता ,ज्योति कुशवाहा, रचना अग्रहरी ,मुकुंद चंद, भूपेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रसाद, राकेश कुमार दुबे, मनोरमा मिश्रा, आरती यादव ,रत्नेश प्रताप सिंह ,तेजप्रताप, रामदेव, रविंद्र प्रताप चौधरी, प्रमोद कुमार सिंह, रंभा मुरली पाल, मीरा यादव, रजनीश यादव, अभय प्रताप सिंह, गोरखनाथ चौधरी, श्रीनाथ यादव, बाबू नंदन राम ,जूही आरा, मिथिलेश द्विवेदी, गोपी कांत उपाध्याय, मंताराम, निवेदिता आनंद, जय नाथ ,अरविंद कुमार सिंह, ललिता अहिरवार ,शोभावती देवी, शुभम सिंह अरविंद कुमार शर्मा ,रीमा यादव के विरुद्ध प्रथम प्राथमिकता रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष को निर्देशित प्रभारी अधिकारी कार्मिक के द्वारा किया गया।

## खेलेगा भारत स्वस्थ रहेगा भारत : मुर्तुजा अली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। चौंपियन क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला चौंपियन ब्लू बनाम चौंपियन ऑरेंज के मध्य उत्तध्ाौना के मैदान पर लोक बंधु इंटर कॉलेज में खेला गया जिसे चौंपियन ऑरेंज ने 70 रनों से जीत कर इस साल की विजेता बनी पुरस्कार वितरण समारोह में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष एवं शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री मुर्तजा अली मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।इस मौके पर उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए खेलना जरूरी है साथ ही पुरस्कार वितरण किया और सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया ! इस अवसर में चैंपियन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष एवं प्रवक्ता आमिर अली खान इंसान इंसानियत



वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष कुदरत जी वरिष्ठ शौकीन बदरुल हसन साहब उत्तधौंना के प्रधान संदीप सिंह रिंकू प्रदीप सिंह बबलू एवं वामिक खान भी उपस्थित हुए। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड विष्णु भारती को दिया गया!

## सपा की सरकार भष्टाचार मे रही नंबर वन , आज विकास में सबसे आगे : अमित शाह

संतकबीरनगर ब्यूरो : देश के गृहमंत्री व भाजपा नेता अमित शाह ने सोमवार को संतकबीरनगर जिले के मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में करीब 2,000 करोड़ की जमीन माफियाओं ने कब्जाई थी। योगी की सरकार ने 2,000 करोड़ की जमीन को माफियाओं से मुक्त कराकर गरीबों के लिए आवास बनाए हैं। कहा कि आज उत्तर प्रदेश दूध उत्पादन में, आंवला उत्पादन में, गन्ना उत्पादन में, चीनी उत्पादन में, आलू उत्पादन में, हरी मटर के उत्पादन में पहले नंबर पर है। पांच साल पहले किसी में भी यूपी नंबर वन नहीं था। 5 साल पहले तक डकैती में, महिलाओं के साथ अत्याचार में, अपहरण–फिरौती में, हत्या के मामलों में उत्तर प्रदेश नंबर एक था। योगी की सरकार में यूपी में डकैती के मामलों में 70% की कमी, लूट में 69%, हत्या में 29%, रेप के मामलों में 52% की कमी आई है। शाह ने कहा कि एक जमाना था, जब यूपी में ताजिया, रमजान में 24 घंटे बिजली



आती थी। लेकिन जन्माष्टमी, दीपावली, होली में 24 घंटे बिजली नहीं आती थी। सपा सरकार ने बिजली का भी धर्म तय कर दिया था। भाजपा सरकार ने सभी त्योहारों में 24 घंटे बिजली देने का काम किया है। अखिलेश गर्मी आते ही विचलित हो जाते हैं और पूरे परिवार के साथ चार्टर विमान से लंदन चले जाते हैं। ऐसे नेता क्या आपका भला कर सकते हैं?

## मुजफ्फरनगर में दो मकानों में डकैती : परिजनों को बंधक बनाकर लूटा

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : यूपी पुलिस जहां एक तरफ विधानसभा चुनाव के अंतिम चरणों के मतदान की व्यवस्था बनाने में व्यस्त है, वहीं बदमाश इसका फायदा उठाकर जमकर लूट की वारदात कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में रविवार बदमाशों ने जिले के दो घरों में लूट की वारदात कर डाली। जानकारी के अनुसार जिले के मीरापुर कसबे की नई बस्ती में सोमवार रात बदमाशों ने दो मकानों में डकैती की घटना को अंजाम दिया। पुलिस जांच में जुटी है। मोहल्ले के युसूफ पुत्र अब्दुल वहीद के परिजनों को एक कमरे में बंधक बनाकर तीन तौले सोना, आधा किलो चांदी, 40 हजार की नगदी लूटी। शाहनजर पुत्र जान मोहम्मद के घर मे जान मोहम्मद की कनपटी पर तमंचा लगाकर परिजनों को बंधक बनाकर 16 तौले सोना साढे चार लाख की नगदी लूटी ली। वारदात के बाद बदमाश पीडिघ्तों



को धमकी देते हुए फरार हो गए। दिन निकलने पर अधिकारी जांच के लिए पहुंचे। एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव का कहना है कि छानबीन की जा रही है, जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# राम कथा सुनने से समाज की बुराइयों का होता है नाश : श्री राम कथा के तीसरे दिन लंका कांड की महत्ता बताया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के सराय भानी गांव में चल रहे श्री राम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास विद्यार्थी जी महाराज ने कहा राम भक्त श्री हनुमान जी के नाम जप मनन और ध्यान में जप यज्ञ देखने समझने को मिलता है उनके जीवन का एकमात्र लक्ष्य प्रभु श्री राम जी की सेवा उनका ध्यान उनके ही नाम का सिमरन करना था उनके इस जप से उनके हम का सदा के लिए हनन कर उन्हें हनुमान बना दिया।उक्त बातें और लंका कांड की महत्ता को बताते हुए उनके कृतियों का अनुसरण करने की बात कही।वही मानस कोकिला स्वाति शुक्ला ने कहा के हर मनुष्य को राम कथा सुननी चाहिए राम कथा सुनने से समाज की बुराइयों को नष्ट किया जा सकता है समाज में नई पीढ़ी को इस कथा के श्रवण से अपने अंदर व्याप्त कुरीतियों को नष्ट करने का ज्ञान मिलता है।पंडित लालजी उपाध्याय द्वारा कथा के तीसरे दिन तीसरे श्लोक की व्याख्या गुरुम शंकर रूपणम पर प्रकाश डाला।इस दौरान आयोजक जगदीश उपाध्याय चंद्र दत्त उपाध्याय ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट करते हुए प्रसाद वितरण करवाया वही कथा के बाद आरती में पहुंचे अखिल भारती ब्राह्मण महासभा रा. जिलाध्यक्ष अतुल कुमार दुबे ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय द्वारा आरती किया गया।मौके पर अरुण सिंह ओम प्रकाश उपाध्याय गिरजा शंकर शिव पूजन राजनाथ चौबे सभाजीत हरगोविंद विमलेश उपाध्याय राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय लाल जी सरोज मोहनलाल मौर्य धर्मराज मिश्रा अरुण पाठक ओम प्रकाश उपाध्याय बेचन सिंह कन्हैया लाल शर्मा आलोक उपाध्याय सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# निर्दल प्रत्याशी समर्थक के वाहन पर पथराव एवं मारपीट : दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीती रात निर्दल प्रत्याशी के समर्थक के वाहन पर दो अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। वाहन का अगला शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन से उतरे प्रत्याशी समर्थक ने प्रहार करने वाले दो अज्ञात लोगों से कारण पूछा तो उन पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची जफराबाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर के जांच पड़ताल कर रही है। बीती रात 11 बजे हौज ट्रामा सेंटर के पास सफारी गाड़ी से जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्दल प्रत्याशी अभिषेक सिंह सोनू के सहयोगी सत्यम सिंह निवासी नहोरा थाना जलालपुर अपने तीन मित्र के साथ जलालपुर से जौनपुर जा रहे थे। हौज ट्रामा सेंटर के पास अज्ञात मोटर सायकिल से सवार दो व्यक्तियों द्वारा गाड़ी पर ईंट फेंक दिया गया। जिस पर सत्यम सिंह उतर कर उनसे बात करने गया। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपशब्द तथा गाली–गलौज करते हुए लोहे की रॉड से वार कर दिया। सत्यम घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल के लिए उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दो अज्ञात लोगों की तलाश की जा रही है। उनके खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत किया गया है।

# थाना सरायख्वाजा जौनपुर में आचार संहिता के उलंघन करने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश में विधानसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में सरायख्वाजा प्र0नि0 देवानन्द रजक मय हमराह हे0का0अनिल सिंह का0 मुचकुन्द यादव व म0का0 विनीता शुक्ला के द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि ग्राम जंगीपुर खुर्द में काशी गोमती ग्रामीण बैक के सामने सपा प्रत्याशी अरशद खान एवं अपने लड़के व अन्य परिवार के साथ निम्न गाड़ियों GJ15CJ9872, UP55AF9111, UP62DA0004, UP62BS0746, UP62CH0090, UP62AN4003, UP62BK1778, UP32EF1108, UP62CH2466, MH05AS3271, UP65EA9848, UPAZ9702, UP16AD2000, UP65Z3272, UP62AQ7330, UP62BA0004, UP62 AF2000 के साथ चुनाव प्रचार बिना अनुमति के करते हुये पाये गये जो आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने पर उनके व उनके समर्थक विनोद यादव आदि लगभग 200 के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 81/22 धारा –171H भादवि दिनांक 27.02.2022 को समय 14.00 बजे दिन में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संयुक्त किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने किया जन संपर्क : टटोला जनता का नब्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संयुक्त किसान मोर्चा के शीर्ष नेताओं के आवाहन पर रविवार को जिला संयोजक राजनाथ यादव ने बाजार से लेकर गांवों में जाकर जनता का चुनावी नब्ज को टटोला। जिसमें वर्तमान भाजपा सरकार को जन विरोधी व किसान विरोधी ठहराते हुए लोगों से भाजपा के खिलाफ मतदान करने की अपील की। उन्होंने नीभापुर, गरियांव, कबीरपुर, उकनी, रायपुर, सतहरिया, पंवारा, भसौट,अमाव आदि मुंगराबादशाहपुर विधानसभा के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने मुंगराबादशाहपुर नगर में अयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के शीर्ष नेताओं का हमे निर्देश मिला है कि किसान विरोधी भाजपा सरकार के विपक्ष में मतदान करना और कराना है। मुंगराबादशाहपुर विधानसभा में किस पार्टी के पक्ष में वोट करना है। इस सवाल पर उन्होनें कहा कि इसका जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। इसी लिए गांवों व बाजारों में जनसंपर्क किया जा रहा है और मतदाताओं का रूझान देखा जा रहा है। उन्होंने ने आगे बताया कि इस बार नौजवानों ,महिलाओं व बुर्जुगों में मतदान करने का उत्साह काफी दिखाई पड़ रहा है। उसमें महगांई व भ्रष्टाचार की मार सात मार्च को मतदान के माध्यम से दिखाई पड़ेगा। मुख्य रूप से परवेज लब्बू,चाँद बाबू,वकील राइन,आलम राइन आदि थे।

# अगहुआ के सवैया का अंकुश यादव ने नेपाल मे जीती अन्तराष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत अगहुआ के सवैया गाँव निवासी नरेंद्र प्रताप यादव का पुत्र अंकुश यादव ने 21 से 24 फरवरी तक नेपाल के पोखरा मे खेली गयी अन्तराष्ट्रीय बैडमिंटन चौंपियनशिप 2022 जीत लिया है यह प्रतियोगिता खेल विकास समिति भारत द्वारा आयोजित की गयी उसके इस सफलता से गांव के लोगो मे खुशी है। इलाहाबाद मे रहकर तैयारी कर रहा अंकुश यादव किसान परिवार से आता है। उसने यह सफलता मेन्स ओपन मे जीती है। उसने नेपाल के रवि तामांग को 17–21,21–19,21–17 से हरा कर जीती है उसके साथ हरियाणा राजस्थान यूपी के दस खिलाडियो ने भाग लिया था। इलाहाबाद के दो खिलाडियों ने भाग लिया था उसकी इस सफलता से उसका चयन 8 से 18 सितम्बर को मलेशिया मे होने वाली एशिया बैडमिंटन चौंपियनशिप और 14 से 24 नवम्बर को आयरलैंड मे होने वाली यूरो बैडमिंटन चौंपियनशिप मे हुआ है उसकी इस कामयाबी से गाँव मे खुशी का माहौल है।अंकुश यादव ने बताया की उसके कोच जौनपुर के बाबा मौर्या है वह इलाहाबाद मे रहकर कई वर्ष से तैयारी कर रहा है। अंकुश ने अपने सफलता का श्रेय कोच बाबा मौर्य, डॉ नरेंद्र पाठक, चन्दन पटवा, निक्की खरे व पूर्व पाटनर सोमेश मिश्रा को दिया है उसने अमर उजाला से बताया की मेरे कोच व मेरे माता–पिता के आशीर्वाद व सहयोग से ही आज उन्होंने यह जीत हासिल की है।

# प्रशिक्षण के चौथे दिन 6092 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से बहुत उत्साह के साथ किया मतदान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चौथे दिन प्रशिक्षण के दौरान श्री चंद्रशेखर सिंह जिला मंत्री राज्य कर्मचारी जौनपुर की उपस्थिति में ज्क इंटर कॉलेज के परिसर में जौनपुर की सभी विधानसभाओं में कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के जोर शोर से प्रशिक्षण के बाद पोस्टल मतदान किया। इस मौके पर आलोक कुमार ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षक संघ जौनपुर अशोक कुमार मौर्य संरक्षक ग्राम पंचायत मोहम्मद साजिद अंसारी जिला सचिव ग्राम पंचायत संघ जौनपुर इंदु प्रकाश यादव जिला मीडिया प्रभारी अटेवा देवेश कुमार यादव अध्यक्ष आई टी आई जौनपुर पुष्पेंद्र सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी पी एन सिंह यादव संरक्षक आई टी आई जौनपुर एवं चंद्रेश कुमार उपाध्यक्ष



आई टी आई जौनपुर ,संदीप चौधरी महामंत्री अटेवा जौनपुर , डॉ रजी अहमद अध्यक्ष अटेवा रामनगर, अमित यादव , संदीप यादव , सुनील यादव आदि शिक्षक / कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुंह दबाकर दुराचार के लिए किशोरी घर से उठा ले गए युवक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के एक गांव में बीती रात 11:00 बजे अनुसूचित बस्ती के एक नाबालिक किशोरी को चार युवक मुंह दबाकर घर से दूर उठा ले गए। संजोग अच्छा था अभिभावकों की नींद खुल गई। संदेह होने पर शोर मचाते हुए खोजबीन करने लगे। घर से लगभग 500 मीटर दूर एक बगीचे में युवती को उठाकर ले गए चार युवक शोरगुल देखते हुए मौके से फरार हो गए। किशोरी डरी और सहमी आपबती सारी बात अपने परिजनों को बताई। बस्ती के तमाम लोग युवती के साथ हुई घटना की जानकारी देने के लिए भारी मात्रा में रविवार को सुबह जफराबाद थाने पर पहुंचे। किशोरी के साथ घटना की जानकारी संज्ञान में लेते हुए पिता की तहरीर के पर जफराबाद थाना अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह एक नामजद तथा तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर तलाश में लग गई है। मुल्जिमो के गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष दबिश दे रहे हैं। थानाध्यक्ष जल्द ही गिरफ्तारी की बात कह रहे हैं। किशोरी का मेडिकल कराया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जिस ज्ञात युवक पर आरोप है उसका कुछ दिन पहले किशोरी के भाई से बाइक को लेकर विवाद हो गया था और और थाने में सुलह समझौता भी हुआ था। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# पांच के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई : सप्ताह में एक दिन थाने पर देंगे हाजिरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने क्षेत्र के पांच लोगों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। सभी गुंडा सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार को बदलापुर थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि भलुआही निवासी जलील पुत्र मुनीर, मुख्तार व कब्बर पुत्रगण अली हुसेन,घनश्यामपुर निवासी अजय तिवारी पुत्र रामसूरत तथा पट्टीदयाल गांव के ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र दुबे उर्फ बंटी पुत्र सुनील दुबे के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि डीएम के निर्देश के अनुपालन में सभी गुंडों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक मंगलवार को अपनी हाजिरी दें। ऐसा न करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# फैजाबाद मे कार्यरत पुलिस की मौत : घर मे मचा कोहराम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना के सरायदेवा गाँव निवासी फैजाबाद मे कार्यरत हेड कास्टेबल की इलाज के दौरान वाराणसी के बीएचयू मे मौत हो गयी वह काफी दिनों से बिमार चल रहे थे मौत की सूचना पर परिजनों मे कोहराम मच गया। मीरगंज थाना के सरायदेवा गाँव निवासी रामअछैवर 58 वर्ष पुत्र स्व भवानी प्रसाद फैजाबाद जिले मे पुलिस लाइन मे हेड कास्टेबल के रुप कार्यरत थे बीते कई दिनों से वह बिमार चल रहे थे पहले उन्हे अयोध्या मे भर्ती कराया गया वहा रेफर के बाद दर्शन नगर मेडिकल कालेज में एडमित किया गया वहा से रेफर के बाद लखनऊ केजीएमयू मे भर्ती कराया गया परन्तु हालत मे सुधार न होने पर परिजन इलाज के वाराणसी के बीएचयू मे भर्ती कराया था इलाज के दौरान शनिवार देर शाम को उनकी मौत हो गयी मौत की सूचना मिलने पर परुजनो मे कोहराम मच गया मृतक के पुत्र राजीव रंजन ने शव को घर लाकर मीरगंज पुलिस को सूचना दिया जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खिड़की तोड़ कर सरकारी गल्ले की दुकान में चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के सरसौड़ा गांव में बीती रात सरकारी गल्ले की दुकान में खिड़की तोड़ कर चोरी करने का मामला सामने आया है कोटेदार ने मामले की सूचना गौराबादशाहपुर पुलिस को दी मौके पर आई पुलिस मामले की जांच में जुटी है सरसौड़ा गांव के रहने वाले सुजीत कुमार की गांव में सरकारी गल्ले की दुकान है बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा कमरे की पिछली खिड़की उखाड़ कर दुकान में रखा करीब पचास बोरी गल्ला निकाल लिया गया जिसमें से 23 बोरी गल्ला चोरों द्वारा रायमन ब्रम्ह बाबा के पास छोड़ दिया गया था जबकि लगभग चलिस बोरा राशन एक पेटी रिअफाइंड का तेल दो बोरी चना उठा ले गए जब सुबह लोगो ने इसकी जानकारी कोटेदार को दी सुजीत ने मामले की जानकारी गौराबादशाहपुर पुलिस को दी मौके पर आई पुलिस मामले की जांच में जुटी वही पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अवध नाथ यादव का कहना है की मामला संदिग्ध लग रहा है सूचना मिली जांच कराई जा रही है।

# भागीदारी समाज पार्टी ( पी ) ने दिया गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद विधानसभा के गठबंधन प्रत्याशी जगदीश नारायण राय के समर्थन में भागीदारी समाज पार्टी ( पी ) ने ताल ठोंकी दिया । पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचन्द्र प्रजापति नेतृ गठबंधन प्रत्याशी जगदीश नारायण राय के मुख्य चुनाव कार्यालय जगदीशपुर पहुंचकर समर्थन देते हुए कहा कि, जगदीश नारायण राय साफ ,सुथरी छवि



के नेता हैं, कैबिनेट मंत्री रहते उनके द्वारा क्षेत्र में काफी विकास कार्य कराये गये थे । हम–सब मिलकर इस बार जगदीश नारायण राय को छड़ी वाली बटन को दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं जिससे क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सीपी निषाद, जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति, नन्दलाल यादव, सुशील श्रीवास्तव, शिवजीत यादव, दिनेश यादव फौजी, विधानसभा अध्यक्ष रमेश साहनी, परवेज आलम, सूक्खू राजभर, मूर्ति निषाद, कमला सोनकर , अनवारुल ,सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर विधानसभा सामान्य निर्वाचल 2022 के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी व संलिप्त लोगो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा दिनाकं 26/02/2022 की शाम चेकिंग के दौरान अभियुक्त सन्तोष केसरवानी पुत्र सुरेश चन्द्र केसरवानी निवासी स्टेशन रोड़ थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर को सरोखनपुर मुगराबादशाहपुर मोड़ 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी / बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 50/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त –1. सन्तोष केसरवानी पुत्र सुरेश चन्द्र केसरवानी निवासी स्टेशन रोड़ थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 45



वर्ष। बरामदगी– 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. श्री सदानन्द राय थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 अजय प्रकाश पाण्डेय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3.का0 रविशंकर शाह थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

## देश और व्यक्ति के विकास के लिए मातृभाषा जरूरीः प्रो. गिरिश्वर मिश्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर एवं गुरु नानक कॉलेज स्वायत्तशासी चेन्नई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सात दिवसीय ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन समारोह हुआ। इसका मुख्य विषय था शिक्षण, शोध एवं रोजगार में मातृभाषा की उपादेयता। कार्यशाला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पूर्व कुलपति प्रो. गिरिश्वर मिश्र ने कहा कि राष्ट्र की पहचान अपनी भाषा से होती है। भाषा जीवित तभी रहती है जब उसका उपयोग होता है। भाषा के इस्तेमाल न करने से संस्कृति का नाश हो जाता है। उन्होंने कहा कि देश और व्यक्ति के विकास के लिए मातृभाषा जरूरी है। हम अपने ज्ञान, विचार अभिव्यक्ति का प्रस्तुतीकरण मातृभाषा में करते हैं तो उसमें मौलिकता दिखती है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा के प्रति हमें जितना सजग रहना चाहिए उतना हम नहीं हैं, यह चिंता का विषय है। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि मातृभाषा में शिक्षण से ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का विकास होता है। उन्होंने कहा कि भाषा से ही व्यक्ति के बीच सर्वोत्तम संवाद होता है। उन्होंने मां और शिशु की शिक्षा के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर जो पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उन्होंने शुरू किया है उसकी सफलता पर भी चर्चा की। इस अवसर पर गुरु नानक महाविद्यालय चेन्नई की उप प्रधानाचार्य डा.एन.सी. राजश्री ने कहा कि जब बच्चा जन्म लेता है और मां उससे संवाद करती हैं वहीं मातृभाषा होती है। अगर अंग्रेजी भाषा आवश्यक है तो मातृभाषा महत्वपूर्ण है। गुरु नानक महाविद्यालय चेन्नई के आइक्यूएसी समन्वयक और भाषा संकायाध्यक्ष डॉ. स्वाति पालीवाल ने कहा कि मातृभाषा को सशक्त बनाने के लिए लिए ही अन्तर्राष्ट्रीय घ्मातृदिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा को लेकर भ्रम की स्थिति है। हमलोग अपनी मातृभाषा को अपने दिमाग में रखकर अनुवाद करते हैं जो कि चिंताजनक है। गुरु नानक महाविद्यालय की शैक्षणिक संकायाध्यक्ष डॉ. एस. सावित्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य मातृभाषा को बढ़ावा देना है। उन्होंने तकनीकी के क्षेत्र में मातृभाषा के उपयोग को विस्तार से बताया। कार्यशाला डॉ. मनोज कुमार पांडेय और डॉ. डाली के संयोजकत्व में आयोजित है। संचालन और



अतिथियों का परिचय डॉ डॉली और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.घ्वंदना राय, प्रो.देवराज सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमारघ मीडिया प्रभारी, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ.प्रमोद यादव, धीरेन्द्र चौधरी, मंगल प्रसाद यादव, श्रीमती गुड़िया चौधरी, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा से रेखा वर्मा, डॉ. विजय पाटिल संदीप कुमार, सुशील कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

## भाजपा सदर विधानसभा प्रत्यासी गिरीश चन्द्र यादव नें किया जनसम्पर्क

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा के सदर विधानसभा के प्रत्यासी गिरीश चन्द्र यादव जी नगरी क्षेत्र के मैनिपुर व गोपालपुर गांव में जाकर घर घर जनसंपर्क करके भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की इस जनसम्पर्क के दौरान नगर अध्यक्ष उत्तरी विकास शर्मा, मनीष सोनकर , इमरान खान, नंदलाल यादव , बसन्त प्रजापति , गौरव मिश्रा , हीरालाल मौर्य, देवानंद मौर्य व राजेश मौर्य उपस्थित रहे । ईशी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के करंजाकला मण्डल के पदुमपुर , त्रिलोचनपुर, जमुनीपुर , औरही व गिरधर पुर गांव में जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी गिरीश चन्द्र यादव जी कहा की प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में पूरे प्रदेश में विकाश की गंगा बही है । गरीब कल्याण योजना से गरीब लाभान्वित हो रहा है। चाहे प्रधानमंत्री आवास हो उज्जवला योजना हो निशुल्क राशन वितरण हो करोना कॉल में श्रमिकों के खाते में अनुदान दिया हो गया हो बहुत सी ऐसी योजना है जिससे गरीब को लाभ पहुंचा है और उनके जीवन स्तर में सुध



ार हुआ है जनसंपर्क के दौरान माताओं बहनों द्वारा इस बात को कहते हुए सुना गया है कि मोदी जी रहेन की घर बन गइल , नही तो हम कभी सोचे ना रहे कि हमार पक्का मकान होई । जन चौपाल में मंडल अध्यक्ष राज केसर पाल, प्रशांत सिंह दीपक, अमित श्रीवास्तव ,राजू दादा, शुभम सिंह ,नीरज राय आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## आशीष श्रीवास्तव ने किया तूफानी जनसंपर्क : विरोधियों में बड़ी बेचौनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जैसे–जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंकने शुरू कर दी है यही नहीं प्रत्याशी अपने स्टार प्रचारकों के साथ जनसंपर्क अभियान में लगे हुए हैं एक तरफ जहां सदर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी बसपा प्रत्याशी समाजवादी पार्टी प्रत्याशी जनसंपर्क में जुटे हैं तो वही इनसे इतर सदर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे राष्ट्रवादी विकास पार्टी के प्रत्याशी भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान आशीष श्रीवास्तव ने बिना किसी बड़े नेता व स्टार प्रचारक के अकेले ही अपने दम पर अपने तमाम समर्थकों के साथ पूरी ताकत झोक दिया है। रविवार को आशीष ने तूफानी जनसंपर्क कर तमाम विरोधियों की नींद उड़ा दी है आशीष ने रविवार को नगर के मियांपुर, हुसेनाबाद, लाइनबाजार ओलांदगंज नोहटा पॉलिटेक्निक चौराहा परमानतपुर दीनदयाल कॉलोनी बैंक कॉलोनी सरकारी कॉलोनी पूर्वी सहकारी कॉलोनी पश्चिमी सुंदर नगर मंडी अहमद खान समेत कई मोहल्लों में जनसम्पर्क करके ईवीएम के सात नम्बर अंकित पेन स्टैण्ड चुनाव चिन्ह का बटन दबाकर अपने पक्ष वोट करने का अनुरोध मतदाताओं से किया। आशीष को मिल रहे जनसमर्थन से विरोधियों में हड़कंप मच गया है। मतदान के तारीख की उल्टी गिनती शुरू



हो गयी है, ऐसे में सभी प्रत्याशी मैदान में बाजी मारने के लिए शहर की गलियों से लेकर गांवो की पगडंडियों तक की खाक छान रहे है।वही भारतीय दिव्यांग टीम के पूर्व कप्तान आशीष श्रीवास्वव खेल का मैदान छोड़कर राजनीति के मैदान उतर गया है। खिलाड़ियों के लिए धूप छांव, धूल धक्कड़ कोई मायने नही रखती है। यह खिलाड़ी अपनी नयी पारी शुरू करने के लिए पूरी ताकत झोक दिया है। आल राउण्डर प्लेयर आशीष शहर से लेकर गांव तक चुनाव प्रचार तेज कर दिया है आशीष के तूफानी जनसंपर्क और प्रचार से विपक्षियों हलचल मची हुई है।

